रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-72 REGISTERED No. D.(D.)-72

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY GOVT. OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 243] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 23, 1978/ पौष 2, 1900
No. 243] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 23, 1978/PAUSA 2, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

वाणिज्य, नागरिक आपूर्ति एवं सहकारिता मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं० 96-आईटीसी (पी एन)/78

नई दिल्ली, 23 दिसम्बर, 1978

विषय :—यू० के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के अन्तर्गत यू० के० से आयातों के लिए लाइसेंस शर्तें।

सं० 39/1/76-77 आईटीसी.—यू० के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के अन्तर्गत आयात लाइसेंस जारी करने के संबंध में लागू होने वाली शर्तें जो इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, जानकारी के लिए अधिसूचित की जाती हैं।

का० वें० शेषाद्रि, मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात

वाणिज्य विभाग की सार्वजनिक सूचना सं० 96 आईटीसी (पी एन)/78 दिनांक 23-12-78 के लिए परिशिष्ट।

यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के अन्तर्गत आयातों के लिए लाइसेंस शर्तें।

ए—सामान्य शर्तें

1. शीर्षक एवं कोड

आयात लाइसेंस का शीर्षक "यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978" होगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक आयात लाइसेंस पर कोड "एस/केके" भी होंगे।

2. आयात लाइसेंस के ब्यौरों की सूचना

आयात लाइसेंस की पावती के 15 दिनों के भीतर ही आयातक को चाहिए कि वह आयात लाइसेंस की फोटो प्रति के साथ आयात लाइसेंस के ब्यौरों अर्थात् उसकी पूरी संख्या एवं दिनांक, उसका मूल्य एवं उसके शीर्षक की सूचना आर्थिक कार्य विभाग (अनुभाग अधिकारी डब्ल्यू ई-2 अनुभाग) को भेजें। आयात लाइसेंस की फोटो प्रति के साथ सूचना की एक प्रति सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक (सी० ए० ए० एवं ए०), वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग (पार्लियामेंट स्ट्रीट), नई दिल्ली को भी प्रेषित की जानी चाहिए।

3. आयात लाइसेंस की वैधता

आयात लाइसेंस 24 (चौबीस) मास की प्रारम्भिक वैध अवधि के लिए जारी किया जाएगा। यह अवधि और आगे बढ़ाई जा सकती है यदि इसके लिए पर्याप्त औचित्य प्रस्तुत किया जाता है।

4. (अ) प्रेषण

(क) आयात लाइसेंस के तहे किसी भी विदेशी मुद्रा के प्रेषण की स्वीकृति नहीं दी जाएगी। लेकिन, यू० के० बैंक प्रभार सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से प्रेषण किए जा सकते हैं।

4. (ब) भारतीय अभिकर्ता की कमीशन

(ख) भारतीय अभिकर्ता संबंधी कोई भी भुगतान भारत स्थित अभिकर्ताओं को भारतीय रुपये में ही किया जाना चाहिए। लेकिन, इस

प्रकार के भुगतान लाइसेंस के मूल्य के अंग होंगे और ये इसलिए, लाइसेंस के लिए लिये जाएंगे ।

5. आदेश देने की अवधि

(क) पक्के आदेश लागत-बीमा-भाड़ा या लागत भाड़ा के आधार पर आयात लाइसेंस जारी होने की तारीख के चार (4) मास की अवधि के भीतर अवश्य दे दिए जाने चाहिए ।

5. आदेश देने की अवधि

(ख) यदि आदेश वैध कारणों से चार महीने के भीतर नहीं किए जा सकते हैं तो लाइसेंस को लाइसेंस देने वाले प्राधिकारी के पास पांचवे महीने के दौरान जमा कर देना चाहिए और इस कारण का उल्लेख कर देना चाहिए कि आदेश देने में देर क्यों हुई और यह भी संकेत कर देना चाहिए कि अगला आदेश किस तारीख तक दिया जा सकता है और आदेश देने के लिए जैसी अवधि वृद्धि आवश्यक हो, इसे भी बता देना चाहिए । इस प्रकार के आवेदन पत्रों पर पात्रता के आधार पर लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा विचार किया जाएगा जो अधिक से अधिक 2 महीने की और अवधि वृद्धि की स्वीकृति दे सकते हैं । लेकिन, यदि वृद्धि आयात लाइसेंस के जारी होने की तारीख से 6 मास से अधिक की मांगी जाती है जो इस प्रकार के प्रस्ताव निरापवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई-2 शाखा), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे ।

टिप्पणी :—इस विषय में "पक्के आदेशों" का अर्थ है यू०के० संभरकों को दिए गए आदेश और आदेश देने की अवधि के भीतर संभरक से लिखित रूप में पुष्टिकरण ।

5. (ग) इसे ध्यान में रखना चाहिए कि जब तक आदेश देने का कार्य 4 महीने की अवधि या लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा बढ़ाई गई स्वीकृति अवधि जैसा भी मामला हो के भीतर पूरा नहीं किया जाता है, तब तक विदेशी मुद्रा देने में प्राधिकृत व्यापारी साख पत्र की स्थापना करने या समतुल्य रुपया जमा करने के लिए अनुमति नहीं देंगे (नीचे का खण्ड 4 देखें) ।

6. भुगतान

(क) जब आयात लाइसेंस की अवधि की समाप्ति के एक मास के भीतर सभी भुगतान पूरे कर दिए जाने चाहिए । अलग-अलग भुगतानों की व्यवस्था माल के पोतलदान पर ही होनी चाहिए । किसी भी प्रकार की साख सुविधा की स्वीकृति नहीं दी जाएगी ।

2. आदेशों/संविदाओं या अन्यथा रूप से सम्मिलित की जाने वाली विशेष बातों का ध्यान रखना ।

7. माल का उद्गम

(क) जब आदेश/संविदा दी जा रही हो जो कि केवल यू०के० (जिसकी अभिव्यक्ति में चैनल आइलैण्ड एवं आइल ऑफ मैन शामिल हैं) संभरकों को दी जानी चाहिए । लाइसेंसधारी को उसी में दी गई एक व्यवस्था द्वारा यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि खरीदे गए माल पूर्णतया या प्रधानतया यू०के० में उत्पादित अथवा निर्मित है या होंगे या रसायनों तथा सम्बद्ध उत्पादों के मामले में अनुबन्ध-2 (बी) के रूप में संलग्न प्रपत्र पर यू०के० मूल के होने की घोषणा कर दी गई है ।

कार्य एवं सेवाएं

(ख) जब इस प्रकार के माल खरीदने से संबंधित सेवाओं की भी व्यवस्था की जाती है, तो उसमें निहित उपर्युक्त व्यवस्था द्वारा इसी प्रकार यह भी सुनिश्चित कर देना चाहिए कि ऐसे कार्य एवं सेवाएं साधारणतया यू०के० के निवासी अथवा जो वहां व्यापार कर रहा है उसके द्वारा प्रदान की जाती है अथवा की जाएंगी ।

ग(1) गैर यू०के० वस्तु का मामदण्ड

यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के अन्तर्गत आयात लाइसेंस सामान सामान्यतया यू०के० में अधिप्राप्त एवं उत्पादित अथवा निर्मित सामान एवं/अथवा माल के लिए वैध होंगे ।

(ग)(2) भारतीय आयातक को उसके अपने हित के लिए भी भली-भांति परामर्श दिया जाएगा कि वह यू०के० संभरकों से पहले ही इस बात का पता लगालें कि क्या प्रस्तावित आयातों में गैर यू०के० वस्तु है और यदि है तो उसकी प्रतिशतता क्या है । विशेष रूप से इस बात का पता लगाए बिना उसके किसी भी स्थिति में यू०के० संभरकों के साथ पक्के वायदे अथवा संविदा नहीं करनी चाहिए ।

(ग)(3) जब इस प्रकार की पूछताछ करने पर यह पता लग जाता है कि आयात किए जाने वाले प्रस्तावित माल में गैर यू०के० वस्तु हैं तो ऐसे मामले को इस बात की पुष्टिकरण के लिए वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू ई-2 अनुभाग, नई दिल्ली को अवगत कराना चाहिए कि क्या आयातक को भावी यू०के० संभरक के साथ आदेश/संविदा के पूर्ण होने के बाद आगे कार्रवाई करनी चाहिए । इस सम्बन्ध में यह उल्लेख किया जा सकता है कि विशेष मामलों में अकेली संविदा में माल के जहाज पर निशुल्क मूल्य की 20 प्रतिशत सीमा तक के गैर यू०के० वस्तु को यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के अन्तर्गत वित्तदान करने के लिए सहमति हो सकती है । बशर्ते कि गैर यू०के० वस्तु परिष्कृत उत्पादों का एक अभिन्न अंग है और आयात किए जाने वाले प्रस्तावित गैर-यू०के० मूल माल का परिष्कृत उत्पादों के लिए स्वतन्त्रता पूर्वक उपयोग नहीं किया जा सकता । इस प्रयोजन के लिए भारतीय आयातक को चाहिए कि वे निर्धारित प्रपत्र में [अनुबन्ध-2 या अनुबन्ध-2(ख) जो भी उपयुक्त हो] यू०के० संभरकों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न कर विशेष अनुमोदन के लिए आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई-2 अनुभाग) वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को आवेदन करें ।

(घ) संविदा के अनुमोदन की व्यवस्था

संविदा में इस संबंध में एक वाक्यांश अलग से यह जोड़ दिया जाना चाहिए कि संविदा इसके अधीन है और यह केवल यू०के० सरकार के अनुमोदन पर ही प्रभावी होगी ।

प्रलेखन एवं भुगतान प्रक्रिया

नीचे के खण्ड 3 एवं 5 में बताई गई आवश्यकताओं और नीचे के खण्ड 4 में निर्धारित की गई भुगतान प्रक्रिया को ध्यान में रखना चाहिए और उन्हें संविदा में उचित रूप से शामिल कर देना चाहिए ।

3. संविदा स्वीकृति

8. संविदाओं की सूचना तथा तत्संबंधी संशोधन

(क) यू०के० संभरकों को आदेश देने के तुरन्त बाद ही आयातकों को चाहिए कि वे संविदा की प्रतियां प्रशासकीय मंत्रालय एवं भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली को प्रस्तुत करें ।

(ख) भारत सरकार द्वारा संविदा अनुमोदन के 15 दिनों के भीतर ही लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह विदेशी संभरकों को दिए गए प्रत्येक आदेश के संबंध में संविदा अथवा संविदा अधिसूचना की चार प्रतियों (संलग्न अनुबन्ध-1 के रूप में) को यू०के० संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण-पत्र की पांच प्रतियों [संलग्न अनुबन्ध-2 अथवा अनुबन्ध-2(बी) के रूप में जो भी उपयुक्त हो] के साथ सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेण्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजें ।

टिप्पणी 6—चूंकि कोई भी भुगतान तब तक नहीं किया जा सकता है जब तक कि संविदा यू०के० सरकार से विधिवत् अनुमोदित नहीं कर ली जाती है, इसलिए लाइसेंसधारी को यह अच्छी तरह जान लेना चाहिए कि संविदा/संविदा अधिसूचना की

प्रतियां संभरक के संविदा प्रमाण-पत्र के साथ शीघ्रातिशीघ्र ऊपर बताए गए के अनुसार वित्त मंत्रालय (सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक) को भेज दी जाती है ।

9. संविदा अनुमोदन

वित्त मंत्रालय को उपर्युक्त प्रलेखों को भेजते समय लाइसेंसधारी को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि दस्तावेजों में आयात लाइसेंस की संख्या और दिनांक तथा यू० के० अनुदान का नाम भलीभांति लिख दिया गया है ।

(ख) सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा, नियंत्रक वित्त मंत्रालय, मुख्य लेखाधिकारी, लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग (सी०ए० ओ०, लंदन) के माध्यम से यू० के० अनुदान के अन्तर्गत वित्तपुक्त की जाने वाली संविदा के अन्तर्गत भुगतान के सम्बन्ध में यू० के० सरकार का अनुमोदन और स्वीकृति प्राप्त करने के लिए उन्हें प्रलेखों के एक सेट को फाइल करने के लिए व्यवस्था करेगा । यू० के० सरकार द्वारा यह निर्णय को जान लेने के यथाशीघ्र बाद ही यू० के० संभरकों और साथ ही साथ लाइसेंसधारी को उपर्युक्त निर्णय के संबंध में मुख्य लेखाधिकारी, लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा वित्त मंत्रालय को परामर्श देते हुए सीधे ही अवगत कराया जाएगा ।

10. संविदा के लिए संशोधन

यदि किसी संविदा (उस संविदा के संबंध में जिसमें यू० के० सरकार की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई है या प्राप्त करनी है) में संशोधन किया जाता है या संविदा प्रमाण-पत्र में उल्लिखित धनराशि से अधिक धनराशि के लिए उसके अन्तर्गत यदि कोई जिम्मेदारी निहित की जाती है तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह भारत सरकार का अनुमोदन प्राप्त करे और इसके बाद शीघ्र अति शीघ्र तत्संबंधी अनुपूरक अथवा संशोधित दस्तावेजों और संविदा के संशोधनों तथा संशोधित संविदा प्रमाण पत्रों की प्रतियों को सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग को भेजें ताकि वे इसकी सूचना यू० के० सरकार को देने और उनका अनुमोदन प्राप्त करने में समर्थ हो सकें । संविदा/आदेश में संशोधन के लिए यू० के० सरकार से जैसे ही अनुमोदन प्राप्त होता है, तो लाइसेंसधारी और वित्त मंत्रालय को सी० ए० ओ० लंदन को ठीक उसी विधि से जैसे मूल संविदा के लिए है, सूचित कर दिया जाएगा ।

11. जब संविदा भारतीय अभिकर्ता के साथ होता है

यदि विदेशी संभरक के भारतीय अभिकर्ता के साथ संविदा की जाती है, तो उस यू० के० सम्भरक के नाम का संकेत होना चाहिए जिसको संविदा के उस स्टर्लिंग अंश के लिए भुगतान किया जाना है जो केवल यू० के० अनुदान के अन्तर्गत भुगतान के योग्य होगा । ऊपर निर्धारित किए गए के अनुसार इस प्रकार की प्रतियों को (या उन संविदाओं की प्रतियां जो यू० के० संभरकों के साथ भारतीय अभिकर्ताओं द्वारा की गई है, यदि इस प्रकार की पृथक संविदाएं हों) भेज दिया जाना चाहिए ।

4. यू० के० संभरकों के लिए भुगतान साखपत्र प्रक्रिया

12. विशेष भुगतान प्रक्रिया

सामान्य रूप से लागू होने वाली भुगतान प्रक्रिया नीचे निर्धारित है । विशेष मामलों में एक भिन्न भुगतान प्रक्रिया वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित की जा सकती है और उस स्थिति में आयात लाइसेंस उस विशेष प्रक्रिया के अधीन जारी किए जाएंगे ।

13. प्राधिकार पत्र के लिए आवेदनपत्र

सी० ए० ओ० लंदन से संविदा अनुमोदन के संबंध में सूचना की प्राप्ति के बाद (देखिए उपर्युक्त खण्ड-3) लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह यू० के० संभरकों के नाम में यू० के० से सम्बद्ध बैंकों में से किसी भी एक बैंक में साख-पत्र खोलने के लिए विदेशी मुद्रा में व्यापार करने वाले किसी भी एक प्राधिकृत बैंक के लिए प्राधिकरण पत्र के लिए सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को आवेदन करें । प्राधिकरण पत्र के लिए आवेदन पत्र अनुबन्ध-3 में दिए गए के अनुसार होना चाहिए और उसके साथ भारत में विदेशी मुद्रा विनियम में प्राधिकृत व्यापारी द्वारा प्राप्त बैंक गारंटी (अनुबन्ध-4 में दिए गए के अनुसार) भी संलग्न की जानी चाहिए । प्राधिकरण पत्र के लिए प्रथम आवेदन-पत्र के साथ आयात लाइसेंस की एक फोटो प्रति भेजी जानी चाहिए ।

14. बैंक गारंटी

(क) बैंक गारंटी की धनराशि प्रस्तावित प्राधिकार पत्र में स्टर्लिंग मूल्य के समतुल्य रुपए से कम नहीं होनी चाहिए ।

(ख) समतुल्य रुपए के लिए लागू की जाने वाली मुद्रा विनिमय की दर की गणना सार्वजनिक सूचना सं० 8-आईटीसी(पी एन)/76 दिनांक 17-1-76 में या समय-समय पर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की जाने वाली अन्य सार्वजनिक सूचना में दिए गए फार्मूले के आधार पर तथा विदेशी मुद्रा के लेन-देन में प्राधिकृत व्यापारियों के लिए समय-समय पर रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा जारी किए गए मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्र में यथा अधिसूचित की गई मिश्रित दर के हिसाब से की जाएगी ।

टिप्पणी—सार्वजनिक क्षेत्र परियोजनाओं से बैंक गारंटी लेने की आवश्यकता नहीं है । ऐसे मामलों में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया किसी भी शाखा (जिसमें इसके सहायक भी शामिल हैं) अथवा राष्ट्रीयकृत बैंकों की किसी भी शाखा के माध्यम से साखपत्र खोले जाएंगे ।

15. प्राधिकार पत्र

अगर आवेदन पत्र सही पाया जाता है तो वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक को अन्य बातों के साथ-साथ यू० के० सरकार के संविदा अनुमोदन संख्या को शामिल करते हुए अपेक्षित धनराशि के लिए प्राधिकरण जारी करेगा और इसकी एक प्रति आयातक को और अनुभाग अधिकारी डब्ल्यू ई-2 को भेजेगा । वित्त मंत्रालय सम्बद्ध यू० के० बैंक तथा मुख्य लेखा अधिकारी लंदन को भी उपर्युक्त रूप से परामर्श देगा । लेकिन यू० के० बैंक के लिए परामर्श, उनके प्राधिकरण पत्र की प्रति के साथ भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक को भेज दिया जाएगा और उन्हें चाहिए कि वे साखपत्र खोलते समय इसे यू० के० बैंक को प्रेषित करें ।

16. प्राधिकरण पत्र की वैधता

(क) प्राधिकरण पत्र जारी होने की तिथि से एक मास की अवधि के लिए वैध होगा। इसलिए प्राधिकरण जारी होने की तिथि से एक मास के भीतर ही वित्त मंत्रालय को अवगत कराते हुए साखपत्र खोल दिया जाना चाहिए । ऐसा नहीं करने पर प्राधिकरण समाप्त हो जाएगा।

साखपत्र :

(ख) साख पत्र में उक्त शर्तों का उल्लेख होना चाहिए जिसके लिए लाइसेंस दिया गया है, नीचे के खण्ड 5 में उल्लिखित सभी दस्तावेजों के प्रस्तुतीकरण के बाद संभरकों को भुगतान के लिए व्यवस्था होनी चाहिए, भुगतान के बाद दस्तावेजों के प्रेषण करने से संबंधित अनुदेशों को पूरी तरह समाविष्ट करना चाहिए तथा इसे इस शर्त के अधीन खोला जाना चाहिए कि लाभ प्राप्तकर्ताओं द्वारा प्रारम्भिक रूप में अपनी निधि में से भुगतान करने के पश्चात् यू० के० में सम्बद्ध बैंक उसकी प्रतिपूर्ति मुख्य लेखा अधिकारी, सी० ए० ओ०, लंदन के माध्यम से स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, लंदन से प्राप्त करेगा । साख पत्र खोलने से संबंधित, भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक के अनुदेश अवश्य ही वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण के पूर्णतया अनुरूप होने चाहिए । किसी भी हालत में इसमें असंगति नहीं होनी चाहिए ।

(ग) साख पत्र में स्पष्ट रूप से यू० के० अनुदान शीर्षक तथा यू० के० सरकार के साथ की गई संविदा अनुमोदन संख्या चिन्हित होनी चाहिए ।

(घ) भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक की जिम्मेदारी

यह सुनिश्चित करने के लिए कि यू० के० संभरकों द्वारा नीचे पैरा 17 में दिए गए दस्तावेजीकरण की आवश्यकताएं नोट कर ली गई हैं और उनका अनुपालन किया गया है, भारत में प्राधिकृत मुद्रा विनिमय बैंक, साख पत्र खोलते समय आयातक की ओर से साख पत्र में आवश्यक शर्तें समाविष्ट करने का ध्यान रखेगा।

5. प्रलेखन

17. यह देखने की जिम्मेदारी आयातक की है कि भेजे गए माल के लिए भुगतान की मांग करते समय यू० के० संभरक बैंक को नीचे उल्लिखित प्रलेखों को पूरा करता है और प्रस्तुत करता है :—

(1) चार फोटो प्रतियां या अन्य किसी विधि से तैयार की गई प्रतियों के साथ मूल बीजक (बीजक में आयातक का नाम और पता, संभरित की गई प्रत्येक मद की मात्रा और विस्तृत विवरण, सभी व्यापार छूटों को प्रतिबिम्बित करते हुए प्रत्येक मद के लिए विक्रय कीमत विवरण के आधार (जहाज पर निशुल्क, लागत तथा भाड़ा, लागत बीमा भाड़ा तथा जहाज तक निशुल्क) को प्रदर्शित करना चाहिए और किसी प्रकार की आनुषंगिक सेवाएं जिनमें वितरण पर समुद्री या परिवहन बीमा शामिल हैं उसकी स्टर्लिंग लागत को दिखाना चाहिए।

(2) महासागर या चार्टर लदान बिल या वायुमार्ग बिल या डाक पार्सल की रसीद की एक प्रति (या फोटोस्टेट)। (लदान पत्र वाहक के खर्चों का विवरण निर्दिष्ट करेगा चाहे इनका भुगतान किसी भी मुद्रा में किया गया हो)।

(3) अनुबन्ध 5 में दिए गए के अनुसार भुगतान प्रमाण-पत्र की चार प्रतियां (ऐसी संविदाओं के संबंध में इनकी आवश्यकता नहीं जिनके लिए अनुबन्ध-2(बी) में दिए गए प्रपत्र में एक संविदा प्रमाण-पत्र (रसायनिक) की पूर्ति की गई है। इस कार्य के लिए संभरक द्वारा भुगतान प्राप्त करते समय उसे भरने के लिए निर्धारित प्रपत्र में भुगतान प्रमाण-पत्र के पांच खाली प्रपत्र साख-पत्र के साथ संलग्न करने चाहिए।

प्रत्येक दस्तावेज में अनुदान शीर्षक आयात लाइसेंस का विस्तृत ब्यौरा बैंक और यदि संभव हो, तो वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साख-पत्र के प्राधिकरण के वितरण का प्रदर्शन अवश्य होना चाहिए।

18. दस्तावेज भेजना

यू० के० संभरकों को भुगतान हो जाने के बाद यू० के० व्यवसायी बैंक दस्तावेजों के मूल विनिमय सेट को तीव्र हवाई डाक द्वारा सम्बद्ध भारतीय विनिमय बैंक को भेजेगा।

19. यू० के० बैंक प्रभार

भारतीय विनिमय बैंक यू० के० सरकार को बैंक प्रभार प्रेषित करेगा और उसकी अदायगी आयातक से प्राप्त करेगा।

20. यू० के० बैंक प्रतिपूर्ति

इसके साथ ही साथ, यू० के० बैंक मुख्य लेखा अधिकारी, लंदन से अपने द्वारा संभरकों को चुकाई गई धनराशि की प्रतिपूर्ति का दावा करेगा और इस उद्देश्य के लिए संभरकों से प्राप्त बीजकों को तथा जहां आवश्यक हो, अनुबन्ध-5 के अनुसार भुगतान प्रमाण-पत्रों को प्रस्तुत करेगा, मुख्य लेखा अधिकारी, लंदन, भारतीय स्टेट बैंक, लंदन के माध्यम से यू० के० बैंक को भुगतानों की व्यवस्था करेगा।

6. रुपया निक्षेप के लिए भारतीय बैंक के उत्तरदायित्व

21. आयातक से धन वापसी

यू० के० सम्बद्ध बैंक से जहाज लदान प्रलेखों के साथ भुगतान परामर्श की पावती के 7 दिनों के भीतर भारतीय सम्बद्ध आयातक से "मिश्रित विनिमय दर" [उपर्युक्त पैरा 14(ख) देखें] के हिसाब से आयात की कीमत को रुपये में वसूल करेगा और उस पर सार्वजनिक सूचना सं० 46-आई टी सी(पी एन)/76 दिनांक 16-6-76 में अधिसूचित दर से सूद भी वसूल करेगा जो यू० के० बैंक द्वारा यू० के० संभरकों को दिए गए भुगतान की तारीख से लेकर निक्षेप किए गए समतुल्य रुपये की तारीख (दोनों दिनों सहित) तक के लिए होगा। इस संबंध में रिजर्व बैंक आफ इंडिया, बम्बई के एडी परिपत्र सं० 22 दिनांक 18-6-77 में निहित अनुदेशों का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

22. ऊपर उल्लिखित धनराशि भारतीय बैंक द्वारा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, दिल्ली में भारत सरकार के साखपत्र में निक्षेप किया जाना चाहिए या यदि यह संभव नहीं हो तो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली में उनके नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से प्रेषण किया जाना चाहिए। रुपया निक्षेप वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 103-आईटीसी(पी एन)/76 दिनांक 12-10-76 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई टी सी (पी एन)/74 दिनांक 31-5-74 में यथा परिशोधित राजकोष चालान प्रपत्र में किया जाना चाहिए। इसके बाद बीजक/पोतलदान प्रलेखों तथा उस विभाग का वह प्राधिकार जो सौदे से संबंधित है, उनके संदर्भों का उल्लेख कर तथा उनकी प्रतियां संलग्न कर निक्षेप करने का साक्ष्यांकन करते हुए राजकोष चालान रजिस्ट्री डाक द्वारा सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षक, नई दिल्ली को भेज दिया जाना चाहिए।

भारत सरकार द्वारा मांग किए जाने पर भारतीय सम्बद्ध बैंक सेवाओं से संबंधित अतिरिक्त खर्चों की ऐसी राशि को भी मांग करने के सात दिनों के भीतर जमा करने की व्यवस्था उसी तरीके से करेगा।

लाइसेंसधारी को यह भी चाहिए कि भूतपूर्व विदेश व्यापार मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 184-आईटीसी(पी एन)/68 दिनांक 30 अगस्त, 1968 के अनुबंध-2 में शामिल किए गए 'एस' प्रपत्र की दो प्रतियों को भरे और उसे उक्त सार्वजनिक सूचना में निहित प्रक्रिया के अनुसार रुपया जमा करने के लिए व्यवस्था करते समय अपने बैंक को प्रस्तुत करें।

23. रुपए जमा करने का लेखा शीर्षक लेखा अधिकारी

सूद प्रभार सहित वह राशि जो भारत सरकार के खाते में जमा की जानी है वह इस लेखा शीर्षक के अन्तर्गत जमा करवाई जाएगी :—

"के डिपाजिट्स एण्ड एडवान्सेज-843 सिविल डिपोजिट्स—डिपोजिट्स फॉर परचेज एब्राड—डिपाजिट्स अन्डर यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978।"

और सहायक लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) नई दिल्ली को लेखाधिकारी के रूप में दिखाया जाएगा जो इन साखपत्रों को समायोजित करेगा।

24. बैंक गारंटी की रिहाई

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी की गई बैंक गारंटी और साख प्राधिकरण की शर्तों के अन्तर्गत दायित्वों को पूरा किए जाने के बाद सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक (आयातक नहीं) सहायता लेखा नियंत्रक एवं लेखा परीक्षा, नई दिल्ली को बैंक गारंटी की रिहाई के लिए अनुबन्ध-1 में यथा निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकता है।

7. आयात लाइसेंस के प्रयोग किए जाने के संबंध में रिपोर्ट

25. रिपोर्ट भेजना

संलग्न अनुबंध 7 में दिए गए प्रपत्र के रूप में लाइसेंस के उपयोग किए जाने की स्थिति को प्रदर्शित करते हुए एक त्रैमासिक रिपोर्ट त्रैमासिक के अनुवर्ती मास की 15 तारीख को वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई-2 अनुभाग) नई दिल्ली को तथा उसकी एक प्रति सहायता

लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, (आर्थिक कार्य विभाग), यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, संसद मार्ग (पार्लियामेंट स्ट्रीट), नई दिल्ली को भेजी जानी चाहिए ।

8. विविध

26. यू के संभरकों से धन वापसी

लाइसेंसधारी द्वारा यदि किसी प्रकार की धनराशि यू०के० संभरक अथवा गारंटीकर्ता (बीमा कम्पनी आदि) से वापसी के रूप में जो बीमा दावे की व्यवस्था के रूप में अथवा अन्यथा रूप से प्राप्त की जाती है, तो ऐसी राशि संभरक द्वारा यू०के० में सम्बद्ध बैंक को (जिसके द्वारा प्रारम्भ में संभरक को भुगतान किया गया था) । इन अनुदेशों के साथ वापस की जानी चाहिए कि वे ऐसी राशि को शीघ्र ही मुख्य लेखा अधिकारी, लंदन को अनुदान लेखे में साख के बदले वापस करें । इस प्रकार अनुदान लेखे में जमा करने के पश्चात्, आयातक को रुपए में समतुल्य राशि वापिस करने की व्यवस्था आयातक द्वारा दावे की रसीद प्रस्तुत करने पर वित्त मंत्रालय द्वारा की जाएगी । यदि अनुदान के समाप्त होने के पश्चात् कोई वापसी प्राप्त होती है तो उसे संभरक द्वारा आयातक को सीधे ही अदा कर दिया जाएगा ।

27. धन वापसी की रिपोर्ट करना

जब भी इस प्रकार की वापसी होती है तो उसकी रिपोर्ट वित्त मंत्रालय को भी भेजी जानी चाहिए और उसकी एक प्रति औद्योगिक विकास मंत्रालय, विदेशी मुद्रा अनुभाग, उद्योग भवन, नई दिल्ली और सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक को भेजी जानी चाहिए ।

28. संभरक को विशेष शर्तें एवं व्यवस्थाएं अधिसूचित करना

यदि आयात लाइसेंस में ऐसी कोई विशेष व्यवस्थाएं हों जो कि संभरक पर सौदों का पालन करने में प्रभाव डालें, तो लाइसेंसधारी को चाहिए कि संभरक (कों) को इनसे अवगत कराएं ।

29. विवाद

यह जान लेना चाहिए कि लाइसेंसधारी और संभरकों के बीच विवाद उठेगा तो भारत सरकार किसी प्रकार का उत्तरदायित्व नहीं लेगी ।

30. भावष्य के लिए अनुदेश

लाइसेंसधारी आयात लाइसेंस या इससे संबंधित किसी एक या सभी मामलों पर तथा अनुदान करार के अन्तर्गत सभी प्रकार के आभारों को पूरा करने के संबंध में सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशों, अनुदेश या आदेशों का तुरन्त पालन करेगा ।

31. उल्लंघन या अतिक्रमण

उपर्युक्त कंडिका में दी गई शर्तों के उल्लंघन या अतिक्रमण करने पर आयात-निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी ।

9. अनुबंधों की सूची

1. अनुबन्ध-1	संविदा की अधिसूचना
2. अनुबन्ध-2	संविदा प्रमाण-पत्र
3. अनुबन्ध-2(बी)	संविदा प्रमाण-पत्र (रासायनिक)
4. अनुबन्ध-3	साख पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन-पत्र का प्रारूप
5. अनुबन्ध-4	बैंक गारंटी का प्रारूप
6. अनुबन्ध-5	भुगतान प्रमाण-पत्र
7. अनुबन्ध-6	बैंक गारंटी की रिहाई से संबंधित आवेदन-पत्र का प्रारूप
8. अनुबन्ध-7	आयात लाइसेंस के लिए आदेश देने तथा उसका उपयोग किए जाने के संबंध में रिपोर्ट प्रपत्र ।

अनुबन्ध-1

संविदा की अधिसूचना

यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978

सेवा में,

विदेशी सरकारों और प्रशासनों के लिए क्राउन एजेन्ट्स,
4, मिलबैंक,
लंदन, एस डब्ल्यू-1

परियोजना .....

संविदा की अधिसूचना .....

जिस संविदा के अधीन यह प्रस्तावित किया गया है कि उपर्युक्त अनुदान की शर्तों के अनुसार भुगतान किए जाएंगे उसके ब्यौरे निम्नलिखित हैं :—

1. यू०के० संविदाओं का नाम और पता
2. संविदा की तिथि
3. भारतीय क्रेता का नाम
4. माल का संक्षिप्त विवरण और/या कार्य अथवा सेवाएं
5. संविदा का मूल्य
6. भुगतान की शर्तें

.....

भारत सरकार की ओर से हस्ताक्षरित

दिनांक .....

अनुबन्ध-2

यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978
संविदा प्रमाण-पत्र

आयात लाइसेंस सं० .....

.....

दिनांक .....

1. संविदा की तिथि ..... 2. संविदा संख्या .....

3. उन मालों या सेवाओं का विवरण जिनकी आपूर्ति क्रेता को की जानी है .....

.....

(यदि कई मदों की आपूर्ति की जानी है तो एक विस्तृत सूची इस प्रमाण-पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए ।)

4. क्रेता द्वारा/चुकाया जाने वाले कुल संविदा मूल्य (लागत बीमा-भाड़ा, लागत-भाड़ा, या जहाज-पर्यन्त निशुल्क का उल्लेख करें। .....

यदि माल की आपूर्ति की जानी है तो निम्नलिखित खण्ड अवश्य पूरे किए जाने हैं
(यदि संविदाकर्ता केवल निर्यात करने वाला अभिकर्ता है तो अपेक्षित सूचना निर्माणकर्ता से प्राप्त करनी चाहिए ।)

5. क्रेता को संभरित किए जाने वाले माल का विवरण	मूल्य	यू० के० सीमाशुल्क/ व्यापार संकेत संख्या
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....
.....	.....	.....

6. जो माल मूल रूप से यू०के० का नहीं है परन्तु संविदाकर्ता द्वारा विदेश से सीधा खरीदा गया है, उसके जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य

का अनुमानित प्रतिशत अर्थात् विनिर्माण के लिए उपयोग की गई आयातित कच्ची सामग्री या संघटकों का प्रतिशत ।

क. प्रतिशत जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य .....

ख. मद का विवरण और संक्षिप्त विशिष्टिकरण .....

7. विदेश से उद्भूत किसी कच्ची सामग्री या संघटक जैसे तांबा एस्बेस्टोज, कपास लकड़ी लुगदी आदि का उपयोग किया गया, परन्तु ये संविदाकर्ता द्वारा इस संविदा के लिए यू०के० में खरीदी गई है तो उनका उल्लेख कीजिए :—

क. प्रतिशत जहाज पर्यन्त निशुल्क मूल्य .....

ख. मदों का विवरण और संक्षिप्त विशिष्टिकरण .....

8. यदि सेवाओं की आपूर्ति की जानी है तो निम्नलिखित खण्ड को भी पूर्ण किया जाना चाहिए

निम्नलिखित द्वारा क्रेता के देश में किसी किए जाने वाले कार्य या सेवा के अनुमानित मूल्य का उल्लेख कीजिए

क. आपकी फर्म (साइट इंजीनियर के खर्च आदि) .....

ख. स्थानीय संविदाकर्ता .....

9. ऊपर के पैरा 6, 7 या 8 में उल्लिखित विदेशी मदों के उपयोग करने के कारण दीजिए जैसे यू०के० समरूप उपलब्ध नहीं था, उपकरण का अविभाज्य पुर्जा आदि .....

10. उपर्युक्त पैरा 6, 7 या 8 के सम्बन्ध में यथा आवश्यक अर्हता प्राप्त करने वाली अभ्युक्तियां .....

11. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि मैं निम्नलिखित नाम वाले संविदाकर्ता द्वारा यू०के० में नियोजित हूं और इस प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने का मुझे प्राधिकार प्राप्त है । मैं एतद्द्वारा वचन लेता हूं कि जो माल या सेवाएं मूल रूप से यू०के० की नहीं है उनकी आपूर्ति उपर्युक्त पैरा 6, 7, 8 और 9 में निर्दिष्ट माल या सेवाओं को छोड़कर संविदाकर्ता द्वारा इस संविदा का निष्पादन करने में नहीं की जाएगी ।

हस्ताक्षरित .....

ओहदा .....

संविदाकर्ता का नाम और पता .....

.....

.....

.....

दिनांक .....

टिप्पणी : इस घोषणा के लिए वि चैनल आइलैण्ड और आइल ऑफ मैन, यूनाइटिड किंगडम में शामिल है ।

संविदाकर्ताओं को यह बात नोट कर लेनी चाहिए कि जब तक स्वीकृति अधिसूचित न कर दी जाए तब तक माल का विनिर्माण नहीं होना चाहिए ।

केवल कार्यालय के उपयोग के लिए

परियोजना का नाम या संख्या .....

भुगतान

तिथि धनराशि सं० आद्याक्षर

वचनबद्ध धनराशि प्रविष्टि की तिथि स्वीकृति

तिथि आद्याक्षर

अनुबन्ध-2(बी)

यू०के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978

केवल रासायनिक तथा सम्बद्ध उत्पादों के लिए संविदा प्रमाण-पत्र

1. संविदा की तिथि ..... संविदा की संख्या .....

आयात लाइसेंस सं० ..... दिनांक .....

2. खरीददार को संभरण किए जाने वाले उत्पाद (दो) का विवरण (टिप्पणी "ए")	मूल्य	यू०के० दर-सूची वर्गीकरण संख्या (टिप्पणी बी)	क्या उत्पाद यू० के० मूल का है (टिप्पणी सी देखिए) हां या नहीं लिखिए
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....
.....	.....	.....	.....

3. खरीददार द्वारा भुगतान की जाने योग्य कुल (अनुमानित) संविदा कीमत स्टर्लिंग पौण्ड में :—

4. (घोषणा) मैं एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू०के० में नियोजित किया गया हूं और वैध प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है और यह कि उपर्युक्त सूचना सही है ।

हस्ताक्षरित .....

पद जिस पर है .....

संविदाकर्ता का नाम और पता .....

.....

.....

.....

.....

दिनांक .....

टिप्पणियां

ए. इस प्रपत्र का प्रयोग केवल रासायन तथा सम्बद्ध उत्पादों के लिए किया जाना है । जिन्हें यू०के० दर सूची के अध्याय 16, 25, 26—35 तथा 37—40 के उपयुक्त उप-शीर्षकों द्वारा सम्मिलित किया गया है ।

बी. देखिए :—

(1) एच० एम० कस्टम तथा एक्साइज टैरिफ एच० एम० एस० ओ०

(2) ब्रुसेल्स नामनक्लेचर एच० एम० एस० ओ० में रासायनों का वर्गीकरण

सी. (1) या तो पूर्ण रूपेण यू०के० देशी सामग्री से तैयार किया गया उत्पाद या पूर्ण रूपेण या अंश में आयातित सामग्री उपयोग करके उपयुक्त ईएफटीए अर्हकारी संसाधन क्रिया के अनुसार तैयार किया गया उत्पाद "यू०के० मूल" का समझा जाएगा ।

(2) ईएफटीए संसाधन क्रिया निर्यातकों के उपयोग के लिए ईएफटीए सारसंग्रह एच० एम० एस० ओ० की अनुसूची-1 में बताई गई है ।

(3) प्रस्तुत घोषणा के लिए इस पर बल दिया जाता है कि "विकल्पी प्रतिशत मापदण्ड" लागू नहीं होता है ।

(4) उपर्युक्त अनुसूची में जहां कहीं शब्द "क्षेत्र मूल" आते हैं उनका तात्पर्य केवल "यू०के० मूल" समझना चाहिए ।

(5) प्रस्तुत घोषणा के लिए "मूल माल की अनुसूची" (इएफटीए सार संग्रह की अनुसूची-3) लागू नहीं होती है ।

(6) यदि विषयाधीन माल के अर्हकारी संसाधन क्रिया सूचीबद्ध नहीं है तो समुद्र पार सरकारों एवं व्यवस्थाओं के लिए क्राउन एजेंट, 4, मिलबैंक, लन्दन, एस-डब्ल्यू 1 से सलाह लेनी चाहिए ।

डी. इस घोषणा के लिए यू०के० में चैनल आई लैण्ड तथा आईल ऑफ मैन शामिल है ।

अनुबन्ध–3

साखपत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन-पत्र का प्रपत्र

सेवा में,

नियंत्रक, सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा आर्थिक कार्य सहायता लेखा अनुभाग, वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग), यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली–1

विषय:—यू० के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के अधीन यू० के० से .....
..... का आयात ।

महोदय,

उपर्युक्त यू० के० अनुदान के मदे यू० के० से .....का आयात करने के संबंध में हम निम्नलिखित विवरण भेजते हैं जिनसे आप हमारे बैंकरों के माध्यम से आप द्वारा मनोनीत यू० के० बैंक में साखपत्र खोलने के लिए हम प्राधिकरण जारी कर सकें :—

(क) आयात लाइसेंस का विवरण .....
संख्या और तारीख .....मूल्य (रुपयों में)
.....तिथि जिस तक वह वैध है ।

(ख) लाइसेंस का स्टर्लिंग में मूल्य .....
लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा गणना की गई आयात लाइसेंस में निर्विष्ट की गई मुद्रा विनिमय की दर पर ।

(ग) उन पहले ही दे दिए गए आदेशों का प्रभावी स्टर्लिंग मूल्य जिनके लिए प्राधिकार पत्र प्राप्त किए गए हैं । (प्राधिकार पत्र की संख्याओं और स्टर्लिंग धनराशि का विवरण पत्र संलग्न किया जाना है) ।

(घ) यू० के० संभरक/संभरकों का नाम और पता बताते हुए दिए गए आदेश का स्टर्लिंग मूल्य जिसके लिए प्राधिकरण की जरूरत है और प्रत्येक संभरक के लिए अब अलग-अलग अपेक्षित प्राधिकरण की धनराशि/राशियां (दिए गए आदेश और उसके लिए यू० के० संभरक की स्वीकृति की प्रति संलग्न की जाती है) ।

(ङ) सम्बद्ध यू० के० बैंकर का नाम जिससे साखपत्र स्थापित किया जाना है ।

(च) उस भारतीय बैंक का नाम जिसने बैंक गारंटी की है और जो साखपत्र खोलेगा ।

(छ) स्टाम्प एक्ट, 1899 की धारा 31 में दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार कलक्टर द्वारा विधिवत् निर्णीत बैंक गारंटी जो ..... द्वारा प्रस्तुत की गई है, संलग्न है ।

भवदीय,

(लाइसेंसधारी के हस्ताक्षर और पूरा पता)

अनुबन्ध—4

बैंक गारंटी का प्रपत्र

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,
द्वारा सचिव, भारत सरकार,
वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग,
नई दिल्ली–1

महोदय,

भारत के राष्ट्रपति के हेतु जिसमें आगे "सरकार" कहा गया है निम्नलिखित द्वारा आयात किए जाने वाले माल की कीमत का विदेशी मुद्रा में भुगतान की व्यवस्था करने के लिए सहमत होते हुए :—

(i) व्यक्ति/साझेदार .....

(ii) जिसके अधीन काम कर रहा है उसका नाम .....

(iii) .....और सर्वश्री .....
.....(नाम और पते)

*सर्वश्री .....एक कम्पनी जिसका पंजीकृत कार्यालय .....
राज्य .....में है जिन्हें आगे .....रुपए के लिए प्रदान किए गए आयात लाइसेंस संख्या .....
दिनांक .....के अन्तर्गत "आयातक" कहा गया है, हम एतद्द्वारा गारंटी देते हैं कि रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली/स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली में सरकार के खाते में या स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तीस हजारी शाखा, दिल्ली के नाम दर्शनी हुण्डी जो उक्त तीस हजारी शाखा को केन्द्रीय सरकार के लेखे में क्रेडिट के लिए अग्रसारित की जाती है, के द्वारा निम्नलिखित धनराशि जमा करने की व्यवस्था करेंगे :—

(1) वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साखपत्र प्राधिकरण के अधीन यू० के० बैंकों द्वारा स्टर्लिंग में किए गए भुगतानों को प्रदर्शित करते हुए बीजक के मूल्य के बराबर रुपयों के भुगतान की सूचना और लदान दस्तावेजों की यू० के० बैंकों से प्राप्ति के सात दिनों के भीतर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा निर्धारित की गई मुद्रा विनिमय की मिश्रित दर पर धनराशि, देखिए सार्वजनिक सूचना सं० 108–आई टी सी (पी एन) 72, दिनांक 21 जुलाई, 1972 के साथ पढ़ी जाने वाली सार्वजनिक सूचना सं० 16–आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 28–1–1972 और सं० 8–आई टी सी (पी एन)/76, दिनांक 17 जनवरी, 1976 या वह धनराशि जो बाद में समय-समय पर जारी होने वाली सार्वजनिक सूचना के माध्यम से या रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों को जारी किए गए मुद्रा विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से अधिसूचित की जाए और उक्त धनराशि पर यू० के० संभरकों को भुगतान करने की तिथि से समतुल्य रुपया और यू० के० बैंक के खर्चों का भुगतान करने की तिथि तक (दोनों तिथियां शामिल हैं) के समय पर सार्वजनिक सूचना सं० 46–आई टी सी (पी एन)/76 दिनांक 16–6–76 में यथा अधिसूचित पहले तीस दिनों के लिए 9% वार्षिक दर से और 30 दिन से अधिक की अवधि के लिए 15% वार्षिक दर से ब्याज ।

(2) ऐसी अतिरिक्त धनराशि जो कि सेवा प्रभार के लिए यदे होने पर सरकार द्वारा मांगी जा सकती है, मांगी जाने के 7 दिनों के भीतर ।

2. आयातकों द्वारा उपर्युक्त भुगतान करने में असफल रहने पर या लापरवाही करने की स्थिति में हम ..... सरकार को उनके द्वारा मांग करने पर ऐसी धनराशि जो ..... रुपये से अधिक न हो (और उस पर उपर्युक्तानुसार ब्याज तथा सेवा प्रभार हो) बिना किसी आपत्ति के चुकाने का वचन लेते हैं और आयातकों की ओर से ऐसी असफलता या लापरवाही के संबंध में और हमारे द्वारा सरकार को देय धनराशि के संबंध में सरकार का निर्णय हमारे लिए अन्तिम और अनिवार्य होगा ।

3. हम ..... सहमत हैं और वचन लेते हैं कि जब तक यथा पूर्वोक्त तुल्य रुपया या कोई अन्य देय धनराशि जो सरकार द्वारा मांगी जाए, सरकार के खाते में जमा नहीं कर दी जाती तब तक आयातकों को पोत परिवहन दस्तावेज रिहा नहीं किए जाएंगे ।

4. हम ..... सहमत हैं और वचन देते हैं कि इस गारंटी को इसके लागू होने के दौरान सरकार को लिखित रूप में पूर्व सहमति के बिना रद्द नहीं करेंगे ।

5. इसमें निहित, गारंटी, आयातकों अथवा हमारी संस्था के संविधान में होने वाले किसी भी परिवर्तन से प्रभावित नहीं होगी ।

6. सरकार को इस गारंटी को प्रभावित किए बिना उपर्युक्त निर्दिष्ट आयात लाइसेंस की शर्तों में कोई परिवर्तन करने या समय-समय पर आयातकों द्वारा भुगतान करने की अवधि में वृद्धि करने या इसके द्वारा किसी समय तथा समय-समय पर आयातकों के प्रति प्रयोग किए जाने वाले अधिकारों को स्थगित करने की पूर्ण स्वतंत्रता होगी और इस गारंटी में पूर्वोक्त धनराशि के संबंध में सरकार द्वारा कोई भी अधिकार प्रयोग करने की स्वतंत्रता के कारण अथवा आयातकों को दिए जाने वाले समय में परिवर्तन या वृद्धि के कारण अथवा सरकार की ओर से किसी प्रतिबन्ध अधिनियम या छूट अथवा सरकार द्वारा आयातकों पर किसी प्रकार की क्षमा अथवा कोई भी मामला या वस्तु जो कि कानून के अनुसार प्रतिभूतियों से संबंधित हो इस परन्तुक के लिए, हमारे ..... (बैंक का नाम) दायित्वों पर कोई भी प्रभाव डाले बिना हमें ..... हमारे दायित्व से मुक्त नहीं करेगा ।

इस गारंटी के अन्तर्गत हमारा दायित्व ..... रुपये (जमा यथा पूर्वोक्त ब्याज तथा सेवा प्रभार) तक प्रतिबन्धित है और यह तिथि** मास ..... 19 ..... तक लागू रहेगा । हम ऐसे अतिरिक्त निक्षेप करने का भी वचन लेते हैं कि जो कि मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना सं० 103-आई टी सी (पी एन)/72, दिनांक 21 जुलाई, 1972 के साथ पढ़ी जाने वाली सार्वजनिक सूचना सं० 16-आई टी सी (पीएन)/72, दिनांक 20 जनवरी, 1972 की शर्तों के अनुसार या समय-समय पर अधिसूचित सार्वजनिक सूचना के अनुसार आवश्यक हों । इस तिथि से 6 महीनों के भीतर इस बाण्ड/गारंटी के अधीन लिखित रूप में दावे हो जाने के बाद अगले 6 महीनों के भीतर इन दावों को लागू करने के लिए आवेदन या कार्रवाई हो जाने के बाद अर्थात् ..... तक इस गारंटी के अधीन सरकार के सभी अधिकार समाप्त हो जाएंगे और इसमें निहित सभी उत्तरदायित्वों से हमें छुटकारा और मुक्ति मिल जाएगी ।

भवदीय,

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी
के हस्ताक्षर और बैंक का पूरा पता

स्थान :

दिनांक :

(बैंक गारंटी एक न्यायालय स्टाम्प पेपर पर निष्पादित की जानी है, स्टाम्प का मूल्य भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1889 की धारा 31 को शर्तों के अनुसार समाहर्ता द्वारा निर्णीत की जाएगी ।

* जो लागू न हो उसे काट दें ।

** जिन तिथि तक सभी भुगतान पूर्ण हो जाने की आशा है उस तिथि में एक मास जोड़ कर यह तिथि लिखी जाएगी ।

अनुबन्ध–5

यू० के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुवान, 1978

भुगतान प्रमाण-पत्र

मैं एतद् द्वारा प्रमाणित करता हूं कि :—

1. नीचे सूचीबद्ध बीजकों में उल्लिखित भुगतान जो मूल रूप में या प्रतियों के रूप में इस भुगतान प्रमाण-पत्र के साथ हैं, देय हो गए हैं और संविदा सं० ..... दिनांक ..... के संबंध में निम्नलिखित नाम के संविदाकर्ता ..... और खरीददार ..... के बीच चुकाए जाने हैं और ये भुगतान दिनांक ..... को उक्त संविदाकर्ता की ओर से ..... को हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण-पत्र में अधिसूचित इस संविदा के ब्यौरे के अनुसार हैं :—

संविदा की बीजक सं०	दिनांक	धनराशि पौण्ड में	माल, कार्यों/ और/या सेवाओं का संक्षिप्त विवरण

2. पैरा 1 में निर्दिष्ट धनराशियों में संविदा प्रमाण-पत्र के पैरा 5,6 या 7 में घोषित धनराशियों की कोई अतिरिक्त विदेशी मात्रा शामिल नहीं है ।

3. मुझे निम्नलिखित नाम के संविदाकर्ता की ओर से इस प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने का प्राधिकार है ।

हस्ताक्षरित .....
ओहदा .....
संविदाकर्ता जिसकी ओर से हस्ताक्षर करने का प्राधिकार है, का नाम और पता .....
.....
दिनांक .....

टिप्पणी :—इस घोषणा के लिए चनल आइलैण्ड और आइल आफ मैन यू० के० में शामिल है ।

अनुबन्ध–6

बैंक गारंटी मुक्त कराने के लिए आवेदन पत्र का प्रपत्र

सेवा में,
सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा,
वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग,
यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग,
पार्लियामेंण्ट स्ट्रीट, (संसद मार्ग),
नई दिल्ली–1

महोदय,

हम गारंटी संख्या ..... दिनांक .....
धनराशि रुपये ..... के अधीन

अपने उत्तरदायित्व का पालन करने में हमारे द्वारा जमा किए गए रुपये की विस्तृत जानकारी इस आवेदन के साथ नीचे प्रस्तुत कर रहे हैं कि यह बैंक गारंटी मुक्त की जाए और हमें लौटा दी जाए :—

1. आयात/लाइसेंसधारी जिसकी ओर से गारंटी प्रस्तुत की गई थी का पूरा नाम और पूरा पता ।

2. आयात लाइसेंस संख्या, दिनांक, मूल्य और उसके अधीन आयात के लिए अनुमति पण्य वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण ।

3. साख पत्र खोलने के लिए वित्त मंत्रालय से प्राप्त किए गए प्राधिकरण (णों) के ब्यौरे :—

(क) पत्र संख्या और दिनांक

(ख) प्राधिकरण की धनराशि

(ग) यू० के० अनुदान संख्या

3. आयातों और जमा किए गए रुपये के ब्यौरे (प्रत्येक साख पत्र प्राधिकरण के लिए अलग-अलग दिए जाने हैं) ।

(क) खोले गए साख पत्र के ब्यौरे (संख्या, दिनांक, मूल्य और संभरक का नाम)

(ख) प्रत्येक साख पत्र से संबंधित बीजक की संख्या और दिनांक

(ग) स्टर्लिंग में बीजक की धनराशि (वास्तविक)

(घ) जमा किए गए रुपये की धनराशि

(ङ) संबंधित चालान संख्या और दिनांक और राजकोष/बैंक का नाम

(च) यदि डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा है तो डिमान्ड ड्राफ्ट संख्याएं और दिनांक और जिस पत्र के साथ डिमान्ड ड्राफ्ट स्टेट बैंक आफ इण्डिया, दिल्ली को भेजा गया था उसकी संख्या और दिनांक ।

5. प्रत्येक साख पत्र प्राधिकरण में उपयोग की गई और उपयोग न की गई शेष धनराशि (स्टर्लिंग)

2. हम प्रमाणित करते हैं कि :—

(1) *वित्त मंत्रालय द्वारा दिए गए प्राधिकरण (णों) में उपलब्ध .....पौ० की शेष धनराशि उपयोग नहीं की गई है/उपयोग नहीं की जाएगी ।

अथवा

प्राधिकरण (णों) के अधीन कोई साखपत्र नहीं खोला गया था और प्राधिकरण (णों) समाप्त हो गया ।

अथवा

प्राधिकरण (णों) पत्र के आधार पर खोला गया साख पत्र बिना उपयोग किए समाप्त हो गया ।

और

(2) विषयाधीन गारंटी के अधीन हमारे दायित्व विधिवत पूरे हो गए हैं ।

3. हम अनुरोध करते हैं कि बैंक गारंटी कृपया मुक्त की जाए और रद्द करने के लिए हमें लौटा दी जाए ।

भवदीय,

बैंक की ओर से प्राधिकृत एजेंट

*जो भी लागू है ।

971 GI/78—2

अनुबन्ध—7

यू० के०/भारत मिश्रित परियोजना अनुदान, 1978 के संबंध में उपयोग की रिपोर्ट का प्रपत्र

1 अप्रैल से 30 जून तक

1 जुलाई से 30 सितम्बर तक

1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक

1 जनवरी से 31 मार्च तक की अवधि के लिए उपयोग रिपोर्ट

जो भाग लागू नहीं होगा उसे काट दिया जाएगा । रिपोर्ट तिमाही के अन्त में तिमाही समाप्त होने के 15 दिनों के भीतर समर्पित और उपलब्ध कराई जाएगी ।

(प्रत्येक के लाइसेंस के संबंध में अलग से प्रस्तुत की जानी है)

1. आयात करने वाली फर्म का नाम

2. यू० के० क्रेडिट के ब्यौरे

3. आयात लाइसेंस

संख्या और दिनांक	संविदा की सं० और दिनांक और संभरक का नाम	पौण्ड में मूल्य	सहायता लेखा नियंत्रक द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण पत्र की या ओडीए के लिए सी ए ओ को भेजे गए संभरण की संख्या और दिनांक

4. आयात लाइसेंस का मूल्य (रुपये और स्टर्लिंग दोनों में) — — —

5. वित्त मंत्रालय को अब तक अग्रसारित किए गए पूर्ण संविदा संबंधी दस्तावेजों का मूल्य (कृपया संविदा संख्याओं और सहायता लेखा नियंत्रक द्वारा जारी किए गए प्रा० करणों की मूल्य संख्या और तिथियों का उल्लेख कीजिए) I, II, III

कुल

6. यू०के० संभरकों को किए गए भुगतान (अद्यतन)	संभरकों का नाम	स्टर्लिंग में चुकाई गई कुल धनराशि

7 पहले ही अनुमोदित कर दी गई संविदाओं के संबंध में जो भुगतान अभी करने बाकी हैं, जिस वर्ष और तिमाही में भुगतान करने की संभावना है उसे निर्दिष्ट किया जाए I, II, III

कुल

8. यू० के० संभरकों को भविष्य में जो आदेश देने का इरादा है, उनका मूल्य -वही-

9. अभ्यर्पण, यदि कोई हो ।

आयात करने वाली फर्म के प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर ।

MINISTRY OF COMMERCE, CIVIL SUPPLIES AND CO-OPERATION

(Department of Commerce)

PUBLIC NOTICE NO. 96-ITC(PN)/78

New Delhi, the 23rd December, 1978

IMPORT TRADE CONTROL

Subject :—Licensing conditions for imports from U.K. under UK/India Mixed Project Grant, 1978.

No. IPC/39/1/76-77.—The terms and conditions governing the issuance of import licences under UK/India Mixed Project Grant, 1978, as given in the Appendix to this Public Notice, are notified for information.

K. V. SESHADRI,

Chief Controller of Imports and Exports

APPENDIX

PUBLIC NOTICE NO. 96 ITC(PN)/78

Licensing conditions for Imports from the UK under UK/India mixed project grant 1978

I-GENERAL CONDITIONS

1. SUPERSCRIPTION AND CODE

The import licence will bear the superscription "UK/India Mixed Project Grant 1978". In addition, each import licence will also bear the Code "S/KK".

2. INTIMATION OF IMPORT LICENCE PARTICULARS

Within a fortnight of the receipt of the import Licence, the importer should intimate to the Department of Economic Affairs (Section Officer—WE II SEC.) the details of the import licence viz. complete number and date; its value, and the superscription thereof, together with a photostat copy of the import licence. A copy of the intimation alongwith a photostat copy of the import licence should also be endorsed to the Controller of Aid Accounts & Audit (CAA&A), Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, UCO Bank Building, Sansad Marg (Parliament Street), New Delhi.

3. VALIDITY OF THE IMPORT LICENCE

The import licence will be issued with an initial validity period of 24 (twenty-four) months. This period can be further extended if there is adequate justification to do so.

4(a) REMITTANCES

No remittance of foreign exchange will be permitted against the import licence. However, the UK Bank charges may be remitted through the normal banking channels.

4(b) INDIA AGENTS COMMISSION

Any payment towards the Indian Agent's Commission should be made only in Indian Rupees to the Agents in India. Such payments will, however, form part of the licence value and will, therefore, be charged to the import licence.

5(a) ORDERING PERIOD

Firm orders on CIF or C & F basis must be placed within a period of four (4) months from the date of issue of the import licence.

